सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति

राजभवन देहरादून 21 फरवरी, 2025

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को सरदार भगवान सिंह विश्वविद्यालय(एसबीएसयू), देहरादून के प्रथम दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने स्नातकों को डिग्री और मेडल प्रदान किए तथा विश्वविद्यालय के विभिन्न प्रकाशनों का विमोचन भी किया।

अपने संबोधन में राज्यपाल ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि वे ऐसे समय में एक नई यात्रा की शुरुआत कर रहे हैं जब भारत एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि देश की प्रगति में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

राज्यपाल ने तकनीकी विकास और स्टार्टअप क्रांति पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज का युग क्वांटम कंप्यूटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग का है, और भारत इन क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे केवल नौकरी की तलाश तक सीमित न रहें, बल्कि अपने कौशल, रचनात्मक सोच और कठोर परिश्रम के बल पर स्टार्टअप शुरू करें और सफल उद्यमी बनें। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी में असीम संभावनाएँ हैं, और यदि वे आत्मनिर्भरता और नवाचार को अपनाएं, तो न केवल अपने लिए, बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए भी नए अवसरों का सृजन कर सकते हैं। राज्यपाल ने डिग्री धारकों को बड़े सपने देखने, उच्च लक्ष्य निर्धारित करने और कठिन परिश्रम से उन्हें साकार करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से आजीवन सीखने और अपने क्षेत्रों में सार्थक योगदान देने का आग्रह किया।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने विशेष अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया और डिग्री धारकों को बधाई व भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। एसबीएसयू के कुलपति प्रो. (डॉ.) जे. कुमार ने विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। एसबीएसयू के अध्यक्ष डॉ. गौरव दीप सिंह ने स्नातकों को बधाई देते हुए कहा कि यह दीक्षांत समारोह न केवल वर्षों की कड़ी मेहनत का परिणाम है, बल्कि एक नई यात्रा की शुरूआत का प्रतीक है।

इस कार्यक्रम में गौरव भारती शिक्षा संस्थान के अध्यक्ष श्री एस.पी. सिंह, हरिंदर पाल कौर, कर्नल इंदर सिंह भिंडर (सेवानिवृत्त) सहित छात्र–छात्राएं और उनके परिजन उपस्थित रहे। एसबीएसयू के रजिस्ट्रार डॉ. दीपक साहनी ने समारोह का संचालन किया।

...........0............